IndianOil

# 65TH ANNUAL GENERAL MEETING

# CHAIRMAN'S ADDRESS

IndianOil

## Positive energy

Business
and
Beyond



# CHAIRMAN'S ADDRESS

*Members of the IndianOil Family,*

**Members of the IndianOil Family,**

Welcome to our 65th Annual General Meeting!

Today, we gather to celebrate an exceptional year of progress, that was as much about business growth as it is about building a sustainable future.

For over six decades now, IndianOil has been a steadfast partner in India's development journey. In 23-24, we took significant strides and stood tall as India's energy charioteer. We are committed to embracing new opportunities that lie ahead as we steer India's energy transition.



## Setting New Benchmarks

Let me say, the year gone by has been nothing short of remarkable. We have demonstrated resilience and agility, achieving record-breaking financial and operational milestones. Our revenue from operations touched an impressive Rs. 8,66,345 Crore. During this period, our net profit soared to a record Rs. 39,619 Crore. This nearly five-fold increase in profit from the previous year marks the highest in our history.

Let's delve into some impressive figures that highlight our magnitude and impact.

Every single day, we process over 1.4 million barrels of crude oil and serve over three crore customers visiting our 37,500 fuel stations.

Every day, we delight over 28 lakh households by delivering cooking gas and refuel over 2,300 flights, powering more than half of the country's airborne departures.

Every day, we unload a large crude oil carrier at one of the ports at Mundra, Vadinar, or Paradeep, while the bitumen from our refineries paves 130 kilometers of roads and highways.

Every day, our extensive assets, including nine refineries, 20,000 kilometers of pipelines, 99 LPG bottling plants, 126 oil depots and terminals, 129 aviation fuel stations, and over 61,000 customer touchpoints, energise India 24x7x365.

## Stellar Performance

While serving India's remotest corners, we've set new operational benchmarks in 23-24. Our refining throughput reached an all-time high of 73.3 million metric tonnes, with a capacity utilisation of 104.5%.

Our marketing network achieved a record, 97.6 MMT of products sales, demonstrating our market dominance.

Our cross-county pipelines set new benchmarks, with the throughput of liquid pipelines (transporting crude and products) exceeding 95.8 million metric tonnes. We expanded the network by about 2,100 kilometers, including a 1,700-kilometer LPG pipeline. With this, our energy highways now span nearly 20,000 kilometers, enhancing fuel distribution efficiency across the country.

City gas distribution is yet another frontier aimed at providing cleaner fuels for cooking and transportation. IndianOil has established its standalone presence in all 26 allotted Geographical areas, operating 277 CNG stations and selling 280 tonnes of gas daily.

Coming to our core business in the cooking gas

segment, we led the spread of Pradhan Mantri Ujjwala Yojna with a market share of over 45%, serving over 15 crore Indane customers.

In our mission for enhanced customer delight, we've brought down the average time for LPG delivery to just about a day. While we prioritize timely deliveries, our commitment to customer safety is unwavering.

We have introduced industry-first initiatives to ensure safety from our premises to the customers' homes.

By implementing rigorous quality controls, streamlining processes, improving equipment maintenance, and conducting widespread safety awareness campaigns, the domestic LPG accidents have been reduced by a remarkable 80% in the past four years.

But beyond the statistics, I firmly believe that safety and lives of our customers - MATTER.

## Investing in Nation Building

Let me reiterate that as the Energy of India, we are focussed on ensuring consistent energy supply, in every heart and every part of India's geographical diversity- from bustling cities to the remotest villages.

India's soaring economic trajectory presents a unique opportunity for us to play a pivotal role in nation-building. We are poised to make substantial contributions through strategic expansions and other initiatives.

In 23-24, we achieved a cumulative capital expenditure (CAPEX) of Rs. 42,236 Crore, surpassing the budgeted target of Rs 30,395 Crore by over 139%.

As we look ahead, in 2024-25, our investment momentum will continue with brownfield and greenfield expansions. This is crucial, as India's oil demand is projected to increase at a Compounded Annual Growth Rate of 2.3% until 2050. With demand expected to rise by more than 50%, our infrastructure expansion will ensure a reliable energy supply to meet the nation's needs.

We are also integrating petrochemicals into our refining operations. This oil-to-chemical approach will enrich our value chain, meet rising petrochemical demand, reduce import reliance, and insulate the bottom line from the impacts of oil price fluctuations.

We are working on an ambitious plan to set up a mega petrochemical complex in Paradip, Odisha. With an investment of over Rs. 61,000 crore, this is IndianOil's largest ever investment at a single location. This and the other petrochemical projects will be a game changer for us.

In 23-24, we successfully commissioned the first phase of Naphtha Cracker expansion and PX-PTA Revamp Project in Panipat and an Ethylene Glycol plant at Paradip. These have propelled our Petrochemical Intensity Index to 6.1 percent. By 2030, our aim is to achieve an index of 15 percent and expand the petrochemical capacity to 14 MMT.

Our strategic emphasis on enhancing business profitability has yielded remarkable results in the lubricants segment, which has flourished with a Compounded Annual Growth Rate of approximately 15% over the past four years. In 23-24, we not only achieved our highest-ever sales volume but also secured a substantial 20% increase compared to the previous year, both domestically and in export markets.

To tap the rich opportunities in this growing segment, we have augmented our Lube Oil Base Stock facilities at Haldia and setting up new plants at Gujarat and Panipat Refineries. We aim to increase the capacity from 730 Thousand Metric Tonnes Per Annum to 1.5 Million Metric Tonnes Per Annum and strengthen our market leadership.

## Creating Shared Value

Our relentless pursuit of excellence across diverse business verticals has been instrumental in creating substantial long-term value for our shareholders, customers, employees, and communities.

It is heartening that the number of shareholders has doubled in the last 3 years to reach 28 lakh. The addition of more than 15 lakh shareholders showcases the increasing trust and confidence in the company. With the support of our stakeholders, our share price surged to a new six-year high of Rs. 196.80 and nearly tripled in value since last year. This culminated in a record-breaking market capitalization of Rs. 2.72 lakh crore in 23-24.

# CHAIRMAN'S ADDRESS

## Strengthening the Brand Value

In addition to generating substantial shareholder value, we are deeply committed to driving progress for both our company and the nation. Our robust performance over the past year has earned us prestigious global recognitions.

During 23-24, we ranked 94th in the Fortune Global 500 list, maintaining our presence on this platform for 28 years in a row. We aced the Business World Top 500 rankings for the third year running and were ranked 17th among India's Most Respected Companies, the highest in the Oil & Gas sector. We were ranked third globally for brand strength, in the oil & gas segment by Brand Finance, underscoring our continued pursuit of leadership and innovation in the energy industry.

Highlighting our steadfast commitment to regulatory compliance and performance excellence, we have achieved outstanding ratings under the MoU with Department of Public Enterprises, Government of India for the past two years. Given our impressive performance, we are expecting yet another excellent rating this year.

Our efforts under Environmental, Social, and Governance (ESG) parameters have also been globally recognised. We emerged as the top Indian oil & gas corporate in the Bloomberg NEF Global Energy Transition Score and topped the S&P Dow Jones Sustainability Indices in the oil & gas sector. These accolades underscore our unwavering commitment to integrating ESG principles into our core operations while driving robust business growth.

## Marching towards a Future Perfect Vision

As we celebrate these achievements, it is imperative to acknowledge the vision driving us.

Our endeavours during the past year vividly illustrate our commitment to achieving operational net zero by 2046. This ambitious goal aligns with India's mission to become carbon neutral by 2070, positioning us as a frontrunner in the mission for a green future.

Having said that, we also recognize the unique challenges and opportunities presented by India's growing energy demand.

As one of the largest energy consumers in the world, India's oil demand is likely to surge from 5.4 million barrels per day in 2023 to 8.3 million barrels per day by 2050. To meet this rise, we aim to increase our refining capacity from 70.25 million metric tonnes per annum to 88 million metric tonnes per annum, while scaling up both conventional and non-conventional energy options. Our goal of fulfilling one-eighth or 12.5% of India's energy needs by 2050 aligns with the nation's energy security objectives and demonstrates our leadership in the sector.

I'd like to share with you that we are embarking on an ambitious journey to become a One Trillion Dollar Giant by turnover in 2047. This aligns perfectly with India's vision of a $30 trillion economy by the same year. This ambition places us in the elite company of global giants. We will contribute a significant 3% share to India's GDP, supporting the country's economic transformation.

## Innovating for the Future

For over six decades, we have been at the forefront of innovation, consistently energizing the market. The year 23-24 was no exception, as we achieved several milestones. STORM, the Ultimate Racing Fuel, consolidated our position in the high-octane segment as the first Indian company to introduce a race fuel for motorcycles. On the global stage, we have collaborated with the International Motorcycling Federation as the Official Fuel Partner for the Asia Road Racing Championship till 2026.

STORM-X became the latest innovation from our stables, redefining car racing experience and performance standards.

We also forged a groundbreaking partnership with MotoGP, the pinnacle of motorcycle racing, by sponsoring the first-ever MotoGP event held in India at Buddh International Circuit, Noida. This collaboration marked an important milestone in the realm of motorsports, as we showcased XP100, India's first 100 octane petrol.

Our niche products have demonstrated exceptional growth and market penetration. As of June 2024, XP95, our high-octane petrol, is available at over 11,700 fuel stations, capturing a dominant 58% market share. XtraGreen, our eco-friendly diesel, has achieved a remarkable 96.5% market share with availability at over 7,200 outlets.

Notably, XP95 contributes over 6% to our total petrol sales, while XtraGreen accounts for 1% of diesel sales. XP100, catering to the luxury segment, is now available in 100 cities nationwide. This success is a testament to our commitment to customer-centric innovation and sustainable fuel solutions.

We had also launched Reference Diesel and Gasoline fuel from our Panipat and Paradip Refineries, marking India's entry into a select group of global manufactures of this advanced fuel.
In a bid to expand the offering of niche products in India, in 2022, we had became the first Indian company to produce and market the specialised aviation fuel, AVGAS 100 LL. By 23-24, we ensured fulfilling the domestic demand of over 2400 KL of AVGAS through indigenous production. Today, we are exporting the fuel to countries like Papua New Guinea, Indonesia, and Sri Lanka, a testament to our 'Make in India' for the World' mission.

## Leading the Charge for a Greener Tomorrow

While we continue to expand our market reach and achieve momentous milestones, we are also spearheading the nation's transition towards low carbon solutions. Our state-of-the-art R&D centre has broadened its focus to include bioenergy, solar energy, hydrogen, and nanotechnology along with the core domain of refining, petrochemicals, catalysts, and pipeline research. To further enhance our R&D capabilities, we are investing ₹3,000 crore in a 60-acre New Energy Centre that is set to be completed by December 2025. It'll undertake pioneering research in alternative and renewable energy domains, including battery, bioenergy, and carbon capture and utilization, among other areas.

As part of our future-fluent strategy, we are investing in emerging technologies and forging partnerships. By leveraging our first-mover advantage, we are confident in our ability to scale up the most promising technologies in the evolving landscape. This will ensure our continued leadership in the era of new energy and create substantial value for our company, stakeholders, and the nation.

For cementing our clean energy transition vision, we have consolidated our green initiatives under a wholly-owned subsidiary, 'Terra Clean Limited'. By combining our low-carbon, clean, and green energy businesses, into a single entity, we aim to optimize resource allocation, enhance innovation, and accelerate the deployment of cutting-edge solutions.

## Pioneering Hydrogen Mobility Solutions

Hydrogen stands out as a pivotal pathway to secure India's energy future and drive green mobility. I'm happy to share our plans to catalyse the green hydrogen ecosystem by setting up green hydrogen plants at our refineries, starting with Panipat and expanding to other locations.

Our R&D team is exploring three innovative green hydrogen pathways - CBG reforming, solar-powered electrolyser-based hydrogen generation, and oxy-steam biomass gasification-based hydrogen generation.

We are also pioneering an indigenous solution for heavy-duty applications using hydrogen fuel cell technology. Collaborating with Tata Motors, in a landmark move in the country, we rolled out two green hydrogen fuel cell buses in September 2023.

We are also fuelling green mobility in the armed forces and have partnered with the Indian Army and Indian Navy, besides deploying four hydrogen fuel cell buses in Vadodara. In total, we have mobilised a fleet of 15 hydrogen fuel cell buses. Notably, we are the only company in the country dispensing hydrogen through our fuel stations at R&D centre in Faridabad and Gujarat Refinery, Vadodara.

## Powering Progress with Natural Gas

With India's resolute focus on a cleaner and more affordable energy mix, natural gas has witnessed a remarkable surge in recent years.

I am happy to report that we achieved an impressive 49% year-on-year increase in sales of natural gas, enhancing our market share from 10% to 13%. We have signed long term agreements with ADNOC and TotalEnergies for the supply of LNG and renewed our contract with Qatar Energy to extend our LNG imports by another 20 years. We are thus poised to play a bigger role in accelerating India's vision of a gas-based economy.

## Advancing Biofuels for a Clean Future

IndianOil continues to lead India's biofuel revolution and is actively contributing to the SATAT initiative that offers triple benefits of sustainable mobility, enhancing farmers' prosperity and strengthening India's energy security. We have thus solidified our

leadership in the promising 'waste to energy' sector. Till date, we have commissioned 33 CBG plants and issued over 1700 Letters of Intent, to support India's goal of producing 5 Million Tonnes of biogas per annum by 2030. In 2024-25, we plan to set up additional 30 CBG plants through our proposed JV companies with EverEnviro, GPS Renewables, and Praj Industries.

We are also working on plans to set up India's first commercial-scale Sustainable Aviation Fuel (SAF) plant at Panipat. This will be an important move in meeting India's indicative SAF blending targets of 1% by 2027, 2% by 2028, and 5% by 2030. We have identified our refineries at Panipat, Barauni, Haldia and CPCL, for co-processing of 5% non-edible oils through the Hydroprocessed esters and fatty acids (HEFA) route to produce SAF.

On the ethanol front, we had set benchmarks with setting up India's first 2G ethanol plant and the world's first 3G ethanol plant at Panipat. The 2G plant is designed to utilise 2 lakh tonne per annum of agricultural residue. It is currently in the stabilisation phase and is expected to achieve 60% utilisation by October 2024.

Our commitment to the government's Ethanol Blended Petrol program has yielded exceptional results. We achieved a 15% ethanol blend in our base petrol, surpassing the mandate. Moreover, our introduction of E20 and India's first ETHANOL 100 fuel aims to foster a flex-fuel ecosystem for the vehicle manufacturers and other stakeholders.

The biofuels program has delivered significant environmental benefits while creating income growth for farmers, particularly those cultivating rice, maize, and sugarcane.

During the Ethanol Supply Year 2022-23, ethanol blending helped save over Rs. 4,300 crore in foreign exchange. Additionally, the expeditious payment of Rs. 19,300 crore to farmers has boosted rural economies.

## Pioneering Future Mobility

IndianOil is fuelling yet another frontier of future mobility, by supporting the growth of India's electric mobility ecosystem. We have set up over 10,000 EV charging stations, representing 60% of the total installed by oil marketing companies in the country.

We are betting big on battery swapping solutions in the country. Indo Fast Swap Energy Pvt. Ltd., our joint venture with Sun Mobility, Singapore, is set to establish one of the largest battery-swapping networks in India. We are primarily focused on the 2 and 3-wheeler segments as they are the first ones likely to switch to the electric mobility option. We plan to further strengthen our existing network of over 670 Battery Swapping Stations by establishing 500 new stations in 2024-25.

We see battery manufacturing as another promising avenue. Our strategic agreement with Panasonic Energy Company, Japan is aimed at exploring opportunities for advanced cell manufacturing of Lithium-ion batteries in India.

## Revolutionising Sustainable Cooking

Our commitment to a cleaner and greener future is exemplified by novel, indigenous solutions like our homegrown solar cooktop, Surya Nutan. In 23-24, we empowered 350 households in Dhar, Madhya Pradesh, for pilot study by adopting sustainable cooking practices leveraging carbon financing.

Recognising the benefits of clean cooking, India has intensified its efforts by reducing GST on solar cookers from 18% to 12%. Moreover, the inclusion of clean cooking in the list of activities eligible for carbon trading under Article 6.2 & 6.4 of the Paris Agreement is a game-changer for us.

I am proud that our actions are creating ripples beyond business as well. We continue to be actively involved in preserving India's rich biodiversity by protecting wildlife like Cheetahs, Rhinoceros, Olive Ridley turtles and Tigers. Our social outreach programmes ranging from healthcare initiatives to social transformation programmes are making a huge difference at the ground level. Our twin initiatives of 'Parivartan - Prison to Pride' and 'Nayi Disha - Smile for Juvenile' have empowered over 7,300 lives across 150 prisons and correctional facilities. Our support powered the success of the teams from Yerawada Central Jail, Pune, and Children Observation Home, Bhopal at the 'Chess for Freedom' championship organised by International Chess Federation (FIDE). In recognition of our efforts, we were honoured with the 'Friend of FIDE' award for leveraging chess to transform lives. We have also collaborated with State prison departments to establish 50 'Umeed - A Hope' fuel outlets that are operated by former and current inmates.

65TH ANNUAL GENERAL MEETING

## Nurturing Champions

I am also delighted to share that our unwavering support for sports is transforming India into a sporting nation. Our 'Acer' scholarship programme supports over 200 budding talents. And nearly 50% of these rising sports stars are women. We have also supported the Indian Para contingent at major international events such as Para Asian Games in Hangzhou, World Shooting Para World Cup in Delhi and will continue to do so at the upcoming Paris Paralympics 2024. Embracing diversity and inclusivity, we welcomed para-archer Sheetal Devi to the IndianOil family.

In March 2024, we partnered with the National Sports Development Fund for our 'IndianOil Shakti' programme, aiming to empower 30 talented young girls in athletics. Our goal is to pave their path to success in the upcoming Asian Games 2026 and the LA Olympics 2028.

Our efforts have yielded remarkable results with 12 IndianOil sports stars including a ‘Shakti’ scholar, representing India at the ongoing Paris Olympics. It was a moment of pride when IOCian Sharath Kamal led the Indian team as the flagbearer at the Olympics. I think there is no better validation of the tremendous impact of our initiatives than having over 10% of the country’s sports stars hailing from IndianOil family, showcasing their talent on the world’s biggest sporting platform of Olympics.

## Embracing a Brighter Tomorrow

While we continue to uplift lives and redefine our business, we have also upheld the principles of corporate governance. Let me reiterate that with a collaborative spirit, we have created a robust ecosystem for preventive vigilance leading to the highest standards of integrity. Your Company complies with the guidelines issued by the Department of Public Enterprises as applicable to public sector undertakings, the details of which are provided in the Corporate Governance Report forming part of the Annual Report.

As we race towards a new era of energy transition, I extend my heartfelt gratitude to the Government of India, particularly the Ministry of Petroleum & Natural Gas, for their continued support in our mission to energise the nation. I also express my appreciation to every stakeholder who has been part of this incredible journey.

My sincere thanks to our customers, partners, and communities for their unwavering support.

To our 6-lakh strong IndianOil family that includes over 29,000 IOCians. Let me say, I am immensely proud of you.

You've been instrumental in solidifying our position as 'The Energy of India,' embodying our core values of ‘Care’, ‘Innovation’, ‘Passion’, ‘Trust’, and above all ‘Nation First’.

To our channel partners, your collaboration and support have been invaluable. To our customers, your continued trust and loyalty inspire us to strive for excellence every day. And to our shareholders, your unwavering trust and faith in our vision have been our guiding force.

When we crystal gaze into the future, let us remember that our actions today and the contours of the blueprint we draw for tomorrow will cement our path for generations to come. Together, we have the power to shape the world and co-create a brighter future for the next generation.

We will continue to illuminate the path of India’s progress and be the beacon of ‘Positive Energy in Business & Beyond’.

Thank you for your continued belief and support.

Jai Hind!

**New Delhi**
09.08.2024

**Shrikant Madhav Vaidya**
Chairman, IndianOil

# 65वीं वार्षिक साधारण सभा
# अध्यक्ष का सन्देश



**इंडियनऑयल परिवार के सदस्यो,**

हमारी 65वीं वार्षिक साधारण सभा में आप सभी का स्वागत है!

आज, हम यहां प्रगति के उल्लेखनीय वर्ष का उत्सव मनाने के लिए एकत्र हुए हैं, जो व्यवसाय के विकास के साथ-साथ सस्टेनेबल भविष्य के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

पिछले छह दशकों से, इंडियनऑयल भारत की विकास यात्रा में एक दृढ़ भागीदार रहा है। वर्ष 2023-24 में, हमने भारत के ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए तथा अग्रणी भूमिका निभाई है। हम भारत के ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाते हुए आने वाले नए अवसरों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## नए बेंचमार्क स्थापित

पिछला वर्ष वास्तव में उल्लेखनीय रहा है। हमने कठिन परिस्थितियों से उबरते हुए और तत्परता दिखाते हुए वित्तीय और प्रचालन क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। प्रचालन से हमारा राजस्व 8,66,345 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। इस अवधि के दौरान, हमारा शुद्ध लाभ रिकॉर्ड 39,619 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। पिछले वर्ष की तुलना में लाभ में लगभग पाँच गुना की यह वृद्धि इंडियनऑयल के इतिहास में सबसे अधिक है।

हमारी उपलब्धियाँ वैश्विक अनिश्चितताओं और चुनौतियों के बावजूद राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए इंडियनऑयल की प्रतिबद्धता को मजबूत करती हैं। वे हमारे शेयरधारकों के लिए सुदृढ़ मूल्य सृजन का मार्ग भी प्रशस्त करती हैं। मैं अपने ग्राहकों, भागीदारों और समुदायों को उनके अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

वे 'भारत की ऊर्जा' के रूप में हमारी स्थिति को मजबूत करने में सहायक रहे हैं, जो 'संरक्षण', 'नवपरिवर्तन', 'लगाव', 'विश्वास' और सबसे बढ़कर 'राष्ट्र-प्रथम' के हमारे मूल मूल्यों को दर्शाता है।

आइए, कुछ प्रभावशाली आंकड़ों पर नज़र डालें जो हमारे प्रभाव को दर्शाते हैं।

हर दिन, हम 1.4 मिलियन बैरल से अधिक कच्चे तेल की प्रोसेसिंग करते हैं और हमारे 37,500 फ्यूल स्टेशनों पर आने वाले तीन करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करते हैं।

प्रतिदिन, हम 28 लाख से अधिक घरों में रसोई गैस पहुँचाते हैं और 2,300 से अधिक उड़ानों में ईंधन भरते हैं, जिससे देश के आधे से अधिक उड़ानों को ईंधन मिलती है।
हर दिन, हम मुंद्रा, वाडिनार या पारादीप जैसे बंदरगाहों पर बड़े क्रूड ऑयल मालवाहक से माल उतारते हैं, और हमारी रिफाइनरियों में उत्पादित बिटुमेन का प्रयोग 130 किलोमीटर लंबी सड़कों को बनाने के लिए किया जाता है।

हर दिन, हमारी व्यापक संपत्तियां भारत को 24X7X365 ऊर्जा प्रदान करती, जिनमें नौ रिफाइनरियाँ, 20,000 किलोमीटर लंबी पाइपलाइनें, 99 एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, 126 तेल डिपो और टर्मिनल, 129 विमानन ईंधन स्टेशन और 61,000 से अधिक ग्राहक टचपॉइंट शामिल हैं।

## शानदार प्रदर्शन

भारत के सबसे दूर-दराज क्षेत्रों में सेवा प्रदान करते हुए, हमने 2023-24 में नए प्रचालन रिकॉर्ड स्थापित किए। हमारी रिफाइनिंग थ्रूपुट 73.3 मिलियन मीट्रिक टन के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुँच गई, जिसकी उपयोग क्षमता 104.5% थी।

हमारे मार्केटिंग नेटवर्क ने उत्पाद बिक्री में रिकॉर्ड 97.6 एमएमटी हासिल किया, जो बाजार में हमारे वर्चस्व को दर्शाता है।

हमारी क्रॉस-कंट्री पाइपलाइनों ने नए रिकॉर्ड स्थापित किए हैं, जिसमें तेल पाइपलाइनों (कच्चे तेल और उत्पादों का परिवहन) की थ्रूपुट 95.8 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक हो गई। हमने पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार लगभग 2,100 किलोमीटर तक किया है, जिसमें 1,700 किलोमीटर की एलपीजी पाइपलाइन भी शामिल है। इसके साथ ही, हमारे ऊर्जा राजमार्ग अब लगभग 20,000 किलोमीटर तक फैले हुए हैं,

जिससे पूरे देश में ईंधन वितरण दक्षता में वृद्धि हुई है।

सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन एक और क्षेत्र है जिसका उद्देश्य खाना पकाने और परिवहन के लिए स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना है। इंडियनऑयल ने सभी 26 आवंटित भौगोलिक क्षेत्रों में अपना स्वतंत्र प्रचालन स्थापित किया है, जिससे 277 सीएनजी स्टेशन का परिचालन और हर दिन 280 टन गैस की बिक्री हो रही है।

हमारे मुख्य रसोई गैस क्षेत्र की बात करें तो हम 45% से अधिक बाजार हिस्सेदारी के साथ प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के प्रसार में सबसे आगे हैं, जो 15 करोड़ से अधिक इंडेन ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है।

हमने एलपीजी के औसत डिलीवरी समय को लगभग एक दिन तक कम करके अपनी ग्राहक सेवा में सुधार किया है। समय पर डिलीवरी के साथ-साथ सुरक्षा के प्रति हमारा संकल्प अटल है।

हमने अपने परिसर से लेकर ग्राहकों के घरों तक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इंडस्ट्री -फ़र्स्ट पहल की है।

कठोर गुणवत्ता नियंत्रण लागू करने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, उपकरणों के रखरखाव में सुधार करने और व्यापक सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने से, पिछले चार वर्षों में घरेलू एलपीजी दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय 80% की कमी आई है।

आँकड़ों से परे, मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमारे ग्राहकों की सुरक्षा और जीवन सबसे अधिक मायने रखता है।

## राष्ट्र निर्माण में निवेश

भारत की ऊर्जा के रूप में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, हमारे सभी प्रयास शहरों से लेकर दूरदराज गांवों तक विश्वसनीय ऊर्जा पहुंच पर केंद्रित हैं।

भारत के आर्थिक विकास के लिए, हम रणनीतिक विस्तार करते हुए राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार हैं।

2023-24 में, हमने ₹42,236 करोड़ का कुल पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) हासिल किया, जो ₹30,395 करोड़ के बजट लक्ष्य से 139% से अधिक है।

भविष्य की ओर देखते हुए, 2024-25 में हम रणनीतिक ब्राउनफील्ड और ग्रीनफील्ड विस्तार के द्वारा अपने निवेश की गति को बनाए रखेंगे। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत की तेल मांग 2050 तक प्रति वर्ष 2.3% की कंपाउंडेड वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ने की उम्मीद है। मांग में 50% से अधिक की वृद्धि के अनुमान के साथ, हमारा बुनियादी ढांचा विस्तार देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

हम अपने रिफाइनिंग निवेश में पेट्रोकेमिकल्स को एकीकृत करके अपनी मूल्य श्रृंखला को बढ़ाने के लिए भी काम कर रहे हैं। ऑयल से केमिकल तक का यह दृष्टिकोण बढ़ती केमिकल मांग को पूरा करने, आयात को कम करने और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के दौरान हमारे मुनाफे को बनाए रखने में मदद करेगा।

इस उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में, हमारे पास ओडिशा के पारादीप में एक मेगा पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना है। 61,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के साथ, यह इंडियनऑयल का एक ही स्थान पर अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।

2023-24 में, हमने पानीपत नेफ्था क्रैकर विस्तार, पीएक्स-पीटीए पुनरुद्धार परियोजना और पारादीप में एथिलीन ग्लाइकॉल प्लांट के पहले चरण को सफलतापूर्वक चालू किया, जिससे वर्ष के लिए हमारा पेट्रोकेमिकल इंटेंसिटी इंडेक्स 6.1% तक बढ़ गया। 2030 तक, हमारा लक्ष्य अपनी क्षमता को 14 एमएमटी तक बढ़ाना और 15% का पेट्रोकेमिकल ईंटेंसिटी इंडेक्स हासिल करना है।

हमारा लुब्रिकेंट व्यवसाय एक प्रमुख क्षेत्र बन गया है, जो पिछले चार वर्षों में लगभग 15% की कंपाउंडेड वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है। 2023-24 में, हमने घरेलू बाजार और निर्यात दोनों में अपनी अब तक की सबसे अधिक बिक्री रिकार्ड हासिल की जो पिछले वर्ष से 20% अधिक है।

इस वृद्धि का लाभ उठाने के लिए, हमने हल्दिया में अपनी ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक सुविधाओं का विस्तार किया हैं तथा अपनी गुजरात और पानीपत रिफाइनरियों में नए संयंत्र स्थापित कर रहे हैं। इन विस्तारों के साथ, हमारा लक्ष्य अपनी क्षमता को 730,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 1.5 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष करना है, जिससे हमारी बाजार हिस्सेदारी मजबूत होगी।

## शेयरधारक पूँजी संवर्धन

हमने विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में नए मानक स्थापित किए हैं। हमारा मुख्य ध्यान अपने शेयरधारकों, ग्राहकों, कर्मचारियों और हमारे द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले समुदायों के लिए दीर्घकालिक मूल्य बनाने पर रहता है।

यह बहुत खुशी की बात है कि पिछले 3 सालों में हमारे शेयरधारकों की संख्या दोगुनी होकर 28 लाख तक पहुंच गई है। 15 लाख से ज़्यादा शेयरधारकों का जुड़ना कंपनी में बढ़ते भरोसे और विश्वास को दर्शाता है। हमारे हितधारकों के समर्थन से, हमारे शेयर की कीमत छह साल के नए उच्चतम स्तर 196.80 रुपये पर पहुंच गई और पिछले साल से लगभग तीन गुना बढ़ गई। इसका नतीजा यह हुआ कि 2023-24 में हमारा बाज़ार पूंजीकरण रिकॉर्ड तोड़ 2.72 लाख करोड़ रुपये हो गया।

# अध्यक्ष का सन्देश

## ब्रांड वैल्यू का सुदृढ़ीकरण

शेयरधारक मूल्य बनाने के अलावा, हम अपनी कंपनी और देश दोनों को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित हैं। पिछले एक साल में हमारे प्रदर्शन ने हमें प्रतिष्ठित मंचों पर वैश्विक मान्यता दिलाई है। हम फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में 94वें स्थान पर हैं और पिछले 28 वर्षों से इस प्लेटफॉर्म पर हमारा स्थान बरकरार है। इसके अतिरिक्त, हमने लगातार तीसरे वर्ष बिजनेस वर्ल्ड टॉप 500 रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया और भारत की सबसे सम्मानित कंपनियों में 17वें स्थान पर रहे, जो तेल और गैस क्षेत्र में सर्वोच्च है। वैश्विक स्तर पर, हमें ब्रांड फाइनेंस द्वारा तेल और गैस क्षेत्र में ब्रांड के लिए तीसरा स्थान दिया गया, जो बेहतर नेतृत्व और नई खोज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम विनियामक और प्रदर्शन मानकों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले दो वर्षों से भारत सरकार, पब्लिक इंटरप्राइस के विभाग के साथ हमारे समझौता-ज्ञापन के तहत हमें उत्कृष्ट रेटिंग मिली है। हमारे बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए, हमें इस वर्ष एक और उत्कृष्ट रेटिंग मिलने की उम्मीद है।

पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) क्षेत्रों में हमारे प्रयासों को दुनिया भर में सराहा गया है। ब्लूमबर्ग एनईएफ ग्लोबल एनर्जी ट्रांजिशन स्कोर में हमें शीर्ष भारतीय तेल और गैस कंपनी के रूप में स्थान दिया गया तथा तेल और गैस क्षेत्र में हमने एसएंडपी डॉव जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। ये मान्यताएं मजबूत व्यावसायिक विकास को बनाए रखते हुए हमारे प्रचालन में ईएसजी सिद्धांतों को एकीकृत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

## बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर

आज जब हम अपनी उपलब्धियों का उत्सव मना रहे हैं, यह महत्वपूर्ण है कि हमें प्रेरित करने वाले हमारे विज़न को हम आत्मसात करें। पिछले एक साल के हमारे प्रयास 2046 तक प्रचालन नेट-जीरो प्राप्त करने के हमारे संकल्प को दर्शाते हैं। यह लक्ष्य 2070 तक कार्बन न्यूट्रल बनने के भारत के मिशन के अनुरूप है, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारे सक्रिय दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है।

हम भली-भांति जानते हैं कि इससे चुनौतियाँ और अवसर दोनों ही सामने आते हैं। विश्वस्तर के प्रमुख पूर्वानुमानों में भविष्यवाणी की गई है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ताओं में से एक बना रहेगा। तेल की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है, जो 2023 में 5.4 मिलियन बैरल प्रति दिन से बढ़कर 2050 तक 8.3 मिलियन बैरल प्रति दिन हो जाएगी। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, हम आने वाले वर्षों में अपनी रिफाइनिंग क्षमता को 70.25 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 88 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष करने की योजना बना रहे हैं। हम पारंपरिक और गैर-पारंपरिक दोनों ऊर्जा विकल्पों को बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसका लक्ष्य 2050 तक भारत की ऊर्जा जरूरतों का 12.5% पूरा करना है।

टर्नओवर के मामले में हम 2047 तक 'एक ट्रिलियन डॉलर की दिग्गज कंपनी' बनने की महत्वाकांक्षी यात्रा पर भी हैं। यह लक्ष्य 2047 तक 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। एक ट्रिलियन डॉलर के राजस्व तक पहुँचने पर हम वैश्विक दिग्गज कंपनियों के चुनिंदा समूह में शामिल हो जाएँगे, यह एक ऐसा मील का पत्थर जिसे केवल कुछ ही कंपनियाँ हासिल कर पाई हैं। इस लक्ष्य को पूरा करने का मतलब होगा कि हम भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 3% का प्रतिनिधित्व करते हुए हम महत्वपूर्ण योगदान देंगे, जो देश की आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने में हमारी भूमिका को उजागर करता है।

## भविष्य के लिए बेहतर अवसरों की तलाश

पिछले छह दशकों से भी अधिक समय से हम अभूतपूर्व नई खोज करते हुए आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। वर्ष 2023-24 में भी यह सिलसिला जारी रहा, क्योंकि हमने कई उपलब्धियाँ हासिल कीं। हम मोटरसाइकिलों के लिए रेस फ्यूल बनाने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गए, जिसका नाम है 'स्टॉर्म, द अल्टीमेट रेसिंग फ्यूल'। वैश्विक स्तर पर, हमने 2024 से 2026 तक एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप के लिए 'स्टॉर्म' की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मोटरसाइकलिंग फेडरेशन के साथ 'ऑफिसियल फ्यूल पार्टनर' के रूप में भागीदारी की। इसके अलावा, स्टॉर्म-एक्स नामक हमारी नवीनतम नई खोज, कार रेसिंग अनुभव और प्रदर्शन में नए मानक स्थापित कर रही है।

हमने मोटरसाइकिल रेसिंग के शीर्ष स्तर, मोटोजीपी के साथ एक अभूतपूर्व साझेदारी भी की, जिसके तहत नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में भारत में आयोजित पहली मोटोजीपी प्रतियोगिता को प्रायोजित किया गया। यह सहयोग मोटरस्पोर्ट्स में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था, जहाँ हमने भारत की पहली 100-ऑक्टेन पेट्रोल, एक्सपी100 का प्रदर्शन किया।

हमारे विशिष्ट उत्पादों ने उल्लेखनीय वृद्धि की और बाजार में पैठ बनाई। जून 2024 तक, हाई-ऑक्टेन पेट्रोल, एक्सपी95, 11,700 से अधिक ईंधन स्टेशनों पर उपलब्ध है, जिससे हमें 58% से अधिक बाजार हिस्सेदारी के साथ बाजार में अग्रणी स्थान प्राप्त हुआ है। हमारा पर्यावरण अनुकूल डीजल, एक्स्ट्राग्रीन, 7,200 से अधिक आउटलेट्स पर उपलब्ध है, जहाँ हम 96.5% बाजार हिस्सेदारी पर अपना दबदबा रखते हैं। उल्लेखनीय रूप से, एक्सपी 95 अब हमारी कुल पेट्रोल बिक्री का 6% से अधिक हिस्सा है, जबकि एक्स्ट्राग्रीन हमारे डीजल बिक्री मात्रा का लगभग 1% हिस्सा है। इसी तरह, एक्सपी100 अब देश भर के 100 शहरों में उपलब्ध है, जो उच्च श्रेणी की लक्जरी कारों और बाइक की ईंधन माँगों को पूरा करता है।

हमने अपनी पानीपत और पारादीप रिफाइनरियों से रिफ्रेंस फ्यूल और गैसोलीन ईंधन भी लॉन्च किया, जिससे भारत इस उन्नत ईंधन के वैश्विक निर्माताओं के एक चुनिंदा समूह में शामिल हो गया।

एक अभूतपूर्व कदम के रूप में, हम 2022 में विशेष विमानन ईंधन, एवीगैस 100 एलएल का उत्पादन और विपणन करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गए। 23-24 तक, हमने स्वदेशी उत्पादन के माध्यम से एवीगैस की 2400 कि.ली. से अधिक की घरेलू मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया है। आज, हम इस उत्पाद को पापुआ न्यू गिनी, इंडोनेशिया और श्रीलंका जैसे देशों को भी निर्यात कर रहे हैं, जो शुद्ध आयातक से हटकर है। यह उपलब्धि हमारे 'मेक इन इंडिया' फॉर द वर्ल्ड' मिशन का एक शक्तिशाली प्रमाण है।

## हरित भविष्य का नेतृत्व

जैसे-जैसे हम अपनी बाजार पहुंच का विस्तार कर रहे हैं और महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं, हम कम कार्बन समाधानों की ओर देश के बदलाव का भी नेतृत्व कर रहे हैं। हमारे अत्याधुनिक आरएंडडी केंद्र ने रिफाइनिंग, पेट्रोकेमिकल्स, कैटेलिस्ट और पाइपलाइन अनुसंधान के हमारे मुख्य क्षेत्रों के अलावा बायोएनर्जी, सौर ऊर्जा, हाइड्रोजन और नैनोटेक्नोलॉजी को शामिल करने के लिए अपना ध्यान केंद्रित किया है। अपनी आरएंडडी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, हम 60 एकड़ के न्यू एनर्जी सेंटर में ₹3,000 करोड़ का निवेश कर रहे हैं। यह उन्नत सुविधा, जिसके दिसंबर 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है, बैटरी तकनीक, बायोएनर्जी और कार्बन कैप्चर और उपयोग तकनीकों सहित वैकल्पिक और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करेगी।

हमारी भविष्य-प्रवाह रणनीति के हिस्से के रूप में, हम उभरती प्रौद्योगिकियों में निवेश कर रहे हैं और साझेदारी बना रहे हैं। अपने पहले कदम का लाभ उठाकर, हम विकसित परिदृश्य में सबसे आशाजनक प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने की अपनी क्षमता में आश्वस्त हैं। यह नई ऊर्जा के युग में हमारे निरंतर नेतृत्व को सुनिश्चित करेगा और हमारी कंपनी, हितधारकों और राष्ट्र के लिए पर्याप्त मूल्य पैदा करेगा।

हरित भविष्य की खोज में, हमने हाल ही में अपनी हरित पहलों को एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, 'टेरा क्लीन लिमिटेड' के तहत समेकित किया है। यह नई कंपनी हमारे कम कार्बन, स्वच्छ और हरित ऊर्जा व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करेगी। इन प्रयासों को एक संगठन में सुव्यवस्थित करके, हमारा लक्ष्य संसाधन आवंटन का समझदारी से उपयोग करना, नई खोज को बढ़ावा देना और अत्याधुनिक समाधानों को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करना है।

## हाइड्रोजन वाहन समाधानों में अग्रणी

विभिन्न हरित मार्गों में से, हाइड्रोजन भारत की ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित करने और हरित वाहनों को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में सामने आया है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हम भारत की हरित हाइड्रोजन महत्वाकांक्षा को बढ़ावा देने में काफी प्रगति कर रहे हैं। हमारी योजनाओं में अन्य रिफाइनरियों में हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करना शामिल है, जिसकी शुरुआत पानीपत से होगी और अन्य स्थानों पर इसका विस्तार किया जाएगा। हमारी आरएंडडी टीम तीन नए हरित हाइड्रोजन मार्गों की खोज कर रही है – सीबीजी सुधार, सौर ऊर्जा चालित इलेक्ट्रोलाइजर-आधारित हाइड्रोजन उत्पादन और ऑक्सी-स्टीम बायोमास गैसीफिकेशन-आधारित हाइड्रोजन उत्पादन।

हमने हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रौद्योगिकी का उपयोग करके हेवी-ड्यूटी एप्लीकेशनों के लिए एक स्वदेशी समाधान विकसित करने और प्रदर्शित करने हेतु एक अग्रणी परियोजना भी शुरू की है। टाटा मोटर्स के सहयोग से, इस यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण सितंबर 2023 में, देश में पहली बार दो ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन सेल बसों की शुरुआत के साथ हासिल किया गया।

हमने सशस्त्र बलों में हाइड्रोजन वाहनों को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय सेना और भारतीय नौसेना के साथ साझेदारी की है। इसके अतिरिक्त, हमने वडोदरा में चार हाइड्रोजन ईंधन सेल बसें तैनात की हैं। इस प्रकार हमने कुल 15 हाइड्रोजन ईंधन सेल बसें शुरू की। उल्लेखनीय रूप से, हम देश में हाइड्रोजन वितरित करने वाली एकमात्र कंपनी हैं। फरीदाबाद में आरएंडडी केंद्र और वडोदरा में गुजरात रिफाइनरी में हमारे वितरण स्टेशन स्थायी परिवहन के भविष्य को बढ़ावा दे रहे हैं।

## प्राकृतिक गैस के साथ प्रगति

भारत के स्वच्छ एवं अधिक किफायती ऊर्जा पारिस्थितिकी प्रणाली की ओर बढ़ने के साथ ही हाल के वर्षों में प्राकृतिक गैस ने भी गति पकड़ी है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने प्राकृतिक गैस की बिक्री में साल-दर-साल 49% की प्रभावशाली वृद्धि हासिल की है, जिससे हमारी बाजार हिस्सेदारी 10% से बढ़कर 13% हो गई है। हमने एलएनजी की आपूर्ति के लिए एडीएनओसी और टोटलएनर्जीज के साथ दीर्घकालिक समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए हैं और एलएनजी आयात को अगले 20 वर्षों तक बढ़ाने के लिए कतर एनर्जी के साथ अपने अनुबंध को नवीनीकृत किया है। इस प्रकार हम भारत की गैस-आधारित विजन अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान देने में एक बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।

# अध्यक्ष का सन्देश

## स्वच्छ भविष्य के लिए जैव ईंधन का प्रोत्साहन

हम भारत जैसी कृषि अर्थव्यवस्था में जैव ईंधन की क्षमता को साकार करने में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। सतत पहल की अगुआई करते हुए, हम एक स्थायी ऑटोमोटिव विकल्प के रूप में जैव ईंधन को बढ़ावा दे रहे हैं। हमने 'अपशिष्ट से ऊर्जा' क्षेत्र में अपने नेतृत्व को मजबूत किया है। आज तक, हमने 33 सीबीजी संयंत्र चालू किए हैं और 1700 से अधिक आशय-पत्र जारी किए हैं, जो 2030 तक प्रति वर्ष 5 मिलियन टन बायोगैस उत्पादन के भारत के लक्ष्य में योगदान कर रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष में, हम एवरएनवायरो, जीपीएस रीन्यूवेबल और प्रज इंडस्ट्रीज के साथ अपनी प्रस्तावित संयुक्त उद्यम कंपनियों के माध्यम से पूरे देश में अतिरिक्त 30 सीबीजी संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, हम पानीपत में भारत का पहला व्यावसायिक पैमाने का सतत विमानन ईंधन (एसएएफ) संयंत्र स्थापित करने जा रहे हैं। यह भारत के एसएएफ मिश्रण लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो 2027 तक 1%, 2028 तक 2% और 2030 तक 5% है। हमने एसएएफ का उत्पादन करने के लिए 5% गैर-खाद्य तेलों की हाइड्रोप्रोसेस्ड एस्टर्स एंड फैटी एसिड (एचईएफ़ए) रूट से सह-प्रोसेसिंग के लिए अपनी चार रिफाइनरियों - पानीपत, बरौनी, हल्दिया और सीपीसीएल को भी चिन्हित किया है।

इथेनॉल के क्षेत्र में, हमने भारत के पहले 2जी इथेनॉल संयंत्र और पानीपत में दुनिया के पहले 3जी इथेनॉल संयंत्र के साथ उद्योग के मानक स्थापित किए हैं। 2जी संयंत्र वर्तमान में स्थिरीकरण चरण में है और दिसंबर 2025 तक पूर्ण क्षमता उपयोग प्राप्त करने पर यह 2 लाख टन प्रति वर्ष कृषि अवशेषों का उपयोग करेगा। वर्तमान में यह स्थिर फेज में है लेकिन अक्टूबर 2024 तक 60% उपयोगिता प्राप्त कर लेगी।

सरकार के इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम में हमारी प्रगति उल्लेखनीय रही है। अब हम बेस पेट्रोल के रूप में 15% इथेनॉल मिश्रण प्रदान करते हैं। वास्तव में, हम देश में फ्लेक्स-फ्यूल इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए ई20 - बीस प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित ईंधन - और भारत के पहले इथेनॉल 100 ईंधन जैसे उत्पादों के साथ आगे बढ़ गए हैं।

जैव ईंधन कार्यक्रम ने चावल, मक्का और गन्ना जैसी फसलों के लिए देश में एक वैकल्पिक बाजार तैयार किया है, जिससे किसानों को बेहतर लाभ मिल रहा है। इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2022-23 के दौरान, इथेनॉल मिश्रण के परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा में ₹24,300 करोड़ से अधिक की बचत हुई और किसानों को लगभग ₹19,300 करोड़ का भुगतान हुआ।

## भविष्य के लिए अभिनव परिवहन समाधान

वैकल्पिक ईंधन के रूप में जैव ईंधन को बढ़ावा देने के अलावा, हम देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को भी बढ़ावा दे रहे हैं। हमारा ध्यान एक व्यापक इको सिस्टम बनाने पर है जिसमें ईवी चार्जिंग सुविधा, बैटरी स्वैपिंग और बैटरी निर्माण शामिल है। आज तक, हमने 10,000 से अधिक ईवी चार्जिंग स्टेशन चालू किए हैं, जो देश में तेल विपणन कंपनियों द्वारा स्थापित सभी ऐसे स्टेशनों का लगभग 60% है।

हम बैटरी स्वैपिंग समाधानों में भारी निवेश कर रहे हैं। सिंगापुर की सन मोबिलिटी और इंडो फास्ट स्वैप एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के साथ हमारे संयुक्त उद्यम का लक्ष्य भारत में सबसे बड़े बैटरी-स्वैपिंग नेटवर्क में से एक का निर्माण करना है। हमारा ध्यान दोपहिया और तिपहिया वाहनों पर है, जिनके जल्द ही इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बदलने की उम्मीद है। हम 2024-25 में 500 नए स्टेशन जोड़कर 670 से अधिक बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों के अपने नेटवर्क को बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।

हम बैटरी निर्माण पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो एक प्रमुख विकास क्षेत्र है। हमने भारत में लिथियम-आयन बैटरी के उन्नत सेल निर्माण की संभावनाओं की तलाश करने के लिए जापान की पैनासोनिक एनर्जी कंपनी के साथ साझेदारी की है।

## सस्टेनेबल कुकिंग क्षेत्र में क्रांति

हम नई स्वदेशी खोज को बढ़ावा देते हुए स्वच्छ और हरित भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा पर्यावरण अनुकूल सोलर कुकटॉप, 'सूर्य नूतन', खाना पकाने के परिदृश्य को बदल रहा है। 2023-24 में, हमने कार्बन वित्तपोषण का लाभ उठाने वाली क्लीन कुकिंग परियोजना के तहत धार, मध्य प्रदेश में पाइलट स्टडी के लिए 'सूर्य नूतन' की 350 यूनिटें स्थापित कीं।

भारत ने सोलर कुकर पर जीएसटी को 18% से घटाकर 12% करके क्लीन कुकिंग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया है। इसके अलावा, पेरिस समझौते के अनुच्छेद 6.2 और 6.4 के तहत कार्बन ट्रेडिंग के लिए पात्र गतिविधियों की सूची में क्लीन कुकिंग को शामिल करना हमारे लिए एक परिवर्तनकारी बदलाव है।

मुझे गर्व है कि हमारे प्रयास व्यवसाय से परे भी प्रभाव डाल रहे हैं। हम चीता, गैंडा, ओलिव रिडले और बाघ जैसे वन्यजीवों की रक्षा करके भारत की समृद्ध जैव विविधता को संरक्षित करने में सक्रिय हैं। हमारे सामाजिक विस्तार कार्यक्रम, जो स्वास्थ्य सेवा पहलों से लेकर सामाजिक परिवर्तन परियोजनाओं तक फैले हुए हैं, बुनियादी स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव ला रहे हैं। हमारी दो पहलों, 'परिवर्तन – प्रिज़न टू प्राइड' और 'नई दिशा – स्माइल फॉर जुवेनाइल' ने 150 जेलों और सुधारात्मक सुविधाओं में 7,300 से अधिक व्यक्तियों को सशक्त बनाया

है। हमारे सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (एफआईडीए) द्वारा आयोजित 'चेस फॉर फ्रीडम' चैंपियनशिप में यरवदा सेंट्रल जेल, पुणे और चिल्ड्रन ऑब्ज़र्वेशन होम, भोपाल की टीमों की सफलता में योगदान दिया। हमारे प्रयासों के सम्मान में, हमें जीवन को बदलने के लिए शतरंज का उपयोग करने के लिए 'फ्रेंड ऑफ एफआईडीए' पुरस्कार से नवाज़ा गया है। इसके अतिरिक्त, हमने राज्य जेल विभागों के साथ मिलकर 50 फ्यूल आउटलेट 'उम्मीद-ए-होप' स्थापित किए हैं, जिनका संचालन पूर्व और वर्तमान कैदियों द्वारा किया जाता है।

## खेल प्रोत्साहन: चैंपियनों का निर्माण

मुझे यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि खेल के प्रति हमारा अटूट समर्थन भारत को एक खेल राष्ट्र में बदलने में मदद कर रहा है। हमारा 'एसर' छात्रवृत्ति कार्यक्रम 200 से अधिक नवोदित प्रतिभाओं की सहायता करता है। इन उभरते हुए खेल सितारों में से लगभग 50% महिलाएँ हैं। हमने हांगझोऊ में पैरा एशियाई खेलों और दिल्ली में विश्व शूटिंग पैरा विश्व कप जैसे प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में भारतीय पैरा दल का भी समर्थन किया है, और हम आगामी पेरिस पैरालिंपिक 2024 में भी ऐसा करना जारी रखेंगे। विविधता और समावेशिता को अपनाते हुए, हमने पैरा-तीरंदाज शीतल देवी का इंडियनऑयल परिवार में स्वागत किया।

मार्च 2024 में, हमने अपने 'इंडियनऑयल शक्ति' कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय खेल विकास कोष के साथ भागीदारी की, जिसका लक्ष्य एथलेटिक्स में 30 प्रतिभाशाली युवा लड़कियों को सशक्त बनाना है। हमारा लक्ष्य आगामी एशियाई खेलों 2026 और एलए ओलंपिक 2028 में उनकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करना है।

हमारे प्रयासों से उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं, जिसमें 12 इंडियनऑयल खिलाड़ियों, जिनमें एक इंडियन ऑयल 'शक्ति' भी शामिल है, ने चल रहे पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। यह एक गर्व का क्षण था जब आईओसियन शरत कमल ने ओलंपिक में ध्वजवाहक के रूप में भारतीय टीम का नेतृत्व किया। मुझे लगता है कि हमारी पहल के जबरदस्त प्रभाव का इससे बेहतर प्रमाण और कुछ नहीं हो सकता कि देश के 10% से अधिक खिलाड़ी इंडियनऑयल परिवार से हैं, जो ओलंपिक्स दुनिया के सबसे बड़े खेल मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

## उज्जवल कल की ओर

हमारे प्रयास लगातार जीवन को बेहतर बनाने और हमारे व्यवसाय में नई परिभाषा गढ़ रहे हैं, हमने कॉर्पोरेट गवर्नेंस के सिद्धांतों को बरकरार रखा है । मैं फिर बताना चाहता हूँ कि सहयोगात्मक भावना अपनाते हुए, हमने निवारक सतर्कता के लिए एक मजबूत इको सिस्टम प्रणाली बनाई है, जिससे ईमानदारी के उच्चतम मानकों को बढ़ावा मिलता है। आपकी कंपनी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों पर लागू लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करती है, जिसका विवरण निगमित शासन रिपोर्ट में दिया गया है, जो वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा है।

ऊर्जा परिवर्तन के एक नए युग की ओर बढ़ते हुए, मैं भारत सरकार, विशेष रूप से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने राष्ट्र को ऊर्जा प्रदान करने के हमारे मिशन में निरंतर सहयोग दिया है। मैं इस अविश्वसनीय यात्रा का हिस्सा रहे प्रत्येक हितधारक के प्रति भी अपनी हार्दिक प्रशंसा व्यक्त करता हूँ।

हमारे ग्राहकों, भागीदारों और समुदायों को उनके अटूट समर्थन के लिए मेरा हार्दिक धन्यवाद।हमारे 6 लाख के इंडियनऑयल परिवार, जिसमें 29,000 से ज़्यादा इंडियनऑयल कर्मचारी शामिल हैं, मैं उन्हे कहना चाहता हूँ कि मुझे आप पर बहुत गर्व है।आपने 'संरक्षण', 'नवपरिवर्तन', 'लगन', 'विश्वास' और सबसे बढ़कर 'राष्ट्र प्रथम' के हमारे मूल मूल्यों को अपनाते हुए 'भारत की ऊर्जा' के रूप में हमारी स्थिति को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।हमारे चैनल भागीदारों के लिए, आपका सहयोग और समर्थन अमूल्य रहा है। हमारे ग्राहकों के लिए, आपका निरंतर विश्वास और निष्ठा हमें हर दिन उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करती है। और हमारे शेयरधारकों के लिए, हमारे विज़न में आपका अटूट विश्वास और आस्था हमारी मार्गदर्शक शक्ति रही है।

जब हम भविष्य के लिए योजना बनाते हैं, तो हमें याद रखना चाहिए कि आज हमारे कार्य और कल के लिए हमारी बनाई गई योजनाएँ, आने वाली पीढ़ियों का मार्ग तय करेंगी। साथ मिलकर हमारे पास दुनिया को दिशा देने और अगली पीढ़ी के लिए एक उज्जवल भविष्य बनाने की शक्ति है।

हम भारत की प्रगति के पथ को रोशन करते रहेंगे और 'व्यवसाय और उससे परे सकारात्मक ऊर्जा' के प्रकाश स्तंभ बने रहेंगे।

आपके सतत भरोसे और समर्थन के लिए धन्यवाद।

जय हिंद!

एस. एम. वैद्य

नई दिल्ली
09.08.2024

श्रीकांत माधव वैद्य
अध्यक्ष, इंडियनऑयल




इंडियनऑयल

**IndianOil**

**Indian Oil Corporation Limited**
Registered Office: IndianOil Bhavan, G-9, Ali Yavar Jung Marg,
Bandra (East), Mumbai - 400051, Maharashtra

/IndianOilCorpLimited | /IndianOilcl | /indianoilcorporationlimited | /indianoilcorp